सत्यमेव जयते

राजस्थान राज–पत्र साधारण	RAJASTHAN GAZETTE Ordinary
साधिकार प्रकाशित	**Published by Authority**

जिल्द 77 आश्विन 10, गुरुवार, शाके 1947–अक्टूबर 2, 2025 अंक 27
Vol. 77 Asvina 10 , Thursday, Saka 1947–October 2, 2025 No. 27

भाग 7

विभिन्न विभागों में प्रदायों के लिए टेण्डर मांगने की सूचनाओं को सम्मिलित करते हुए सार्वजनिक और निजी विज्ञापन आदि।

शपथ–पत्र

मैं, सचिन सैनी पुत्र लीलाधर, जाति माली, निवासी वार्ड नं. 18 सूरजगढ तहसील सूरजगढ़ जिला झुन्झुनूं राजस्थान 333029 का हूँ एंव सशपथ बयाने करता हूँ किः–

1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर अपने परिवार सहित निवास करता हूँ।
2. यह कि मेरी माता श्रीमती सरोज देवी का विवाह मेरे जन्म दाता पिता स्व. श्री बिजेन्द्र से दिनांक 21.06.2003 में हुआ था।
3. यह कि मेरे पिता श्री बिजेन्द्र कि दिनांक 24.04.2007 को आकस्मिक मृत्यु हो गई।
4. यह कि तत्पश्चात मेरे परिवार एवं समाज की समझाईश से मेरी माता श्रीमती सरोज देवी ने मेरे चाचा श्री लीलाधर से दिनांक 01.02.2008 को पुर्न विवाह कर लिया है।
5. यह कि तत्पश्चात मेरे चाचा श्री लीलाधर ने ही हमारे परिवार का पालन पोषण किया है व मेरे पिता व मेरी माता के पति होने का दायित्व निभाया है। मैंने मेरे नाम के आगे जन्म दाता पिता श्री बिजेन्द की जगह लीलाधर लगा लिया है व लिलाधर ही मेरे पिता है।
6. यह कि अब मैं सचिन सैनी पुत्र श्री लीलाधर के नाम से जाना पहचाना जाता हूँ व अगर भविष्य में इसके सम्बन्ध में कोई वाद–विवाद उत्पन्न होता हैं तो उसकी समस्त जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।
7. यह कि उक्त शपथ–पत्र मैं सचिन पुत्र श्री लीलाधर के नाम से गजट में प्रकाशित करवाने के सन्दर्भ में प्रस्तुत कर रहा हूँ।

स्थानः सूरजगढ
दिनांकः 06.08.2025

SACHIN
शपथकर्ता
(सचिन सैनी)

सत्यापन

मैं, सचिन सैनी एतदद्वारा सशपथ सत्यापन करता हूँ कि शपथ–पत्र में वर्णित बिन्दु संख्या 1 से 7 तक वर्णित तथ्य मेरे विश्वास एवं ज्ञान के आधार पर सत्य एंव सही हैं कोई महत्वपूर्ण तथ्य नहीं छिपाया गया है एवं इसका कोई भाग असत्य नही हैं। ईश्वर साक्षी हैं।

स्थानः सूरजगढ
दिनांकः 06.08.2025

SACHIN
शपथकर्ता
(सचिन सैनी)

ATTESTED
BHARAT BHUSHAN SHARMA
06-08-2025
NOTARY PUBLIC
SURAJGARH (RAJ.).
14546

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।